सार-समाचार

मेघावी छात्र का किया स्वागत

हिण्डौन सिटी, (कासं)। स्थानीय बड़ का पुरा में स्थित वंदना पब्लिक माध्यमिक विद्यालय के छात्रों का ग्रामीणों ने सम्मान किया। बड का पुरा स्थित वंदना पब्लिक माध्यमिक विद्यालय के छात्र मंजीत कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने 94.50 प्रतिशत, तथा आदित्य कुमार नोनीवाल पुत्र तेजीराम जाटव ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए छात्रों की सफलता पर विद्यालय स्टाफ एवं सभी ग्रामीणों ने छात्रों का स्वागत व साफा पहना कर सम्मान किया छात्रों ने अपनी सफलता की श्रेय विद्यालय प्रशासन के अच्छे वातावरण को दिया है। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक राजेन्द्र सिंह व संस्था प्रधान चन्द्रप्रकाश ग्रेवाल सहित संत निर्मलदास, मानसिंह, रूपदास, विजय, मनोज, सुरेश, सुरेन्द्र, बीकेश, रमेश सहित सभी ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यकारिणी घोषित

सूरौठ, (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी शैक्षिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा सूरौठ ने बताया कि प्रदेश कांठोस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया जिला अध्यक्ष शिवराज मीना की सहमति से जिला कांठोस कमेटी शैक्षिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिनमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा कटकड,उपाध्यक्ष राम प्रसाद भूपेश, दिनेश चतुर्वेदी करौली, महामंत्री प्रभू दयाल मीना सपोटरा, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल शर्मा, मंत्री नबल किशोर जाटव,रतन सिंह जाट, शिवराज माली,महाराज सिंह गुर्जर ताली अंतु लाल जाट,प्रवक्ता भीम सिंह मीना को बनाया गया है,सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को कांठोस संगठन के भूपेंद्र भारद्वाज, कन्हैया लाल शर्मा, रामेश्वर मुंडरी,राम गोपाल माली, राम दयाल मीना, रामू जिंदल,लोकेश खटाना,हुकुम बाई मीना,बाल सिंह गुर्जर,पुरुषोत्तम बंशीवाल,नेमी चंद जाटव,शीतल शुक्ला, वीर सिंह बेनीवाल ने बधाई देते हुए कहा कि इनकी नियुक्ति से कांठोस को जिले में मजबूती मिलेगी जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा और ब्लॉक स्तर पर भी कार्यकारिणी का सभी लोगों की सहमती से गठन किया जाएगा।

सामाजिक अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शुक्रवार को सामाजिक अनुभूति के प्रथम चरण मे करौली ज़िले के विभिन्न गाँव के विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छत्राओ को शहर के दर्शन के हेतु कार्यक्रम चलाया गया विद्यार्थी परिषद के जयपुर महानगर संगठन मंत्री रोहित चतुर्वेदी ने बताया विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष सामाजिक अनुभूति का आयोजन करती इस वर्ष राजस्थान के जयपुर प्रांत में सामाजिक अनुभूति दो चरण में होना तय हुई हैं प्रथम चरण में गाँव से शहर और दूसरे चरण में शहर के छात्र गाँव में जाएँगे । महानगर अध्यक्ष रोहित जैन ने बताया जो हमारा भारत देश हैं वो गाँव में बसता हैं इसलिए शहर के छात्र को गाँव का दर्शन करके उसकी जानकारी बढ़े की किस प्रकार से हम लोग दैनिक उपयोग की चीजें उपयोग करते हैं। वो फल - सब्ज़ी किसान द्वारा कितनी मेहनत से उत्पाद की जाती हैं , वही गाँव से शहर जाने वाला छात्र भी देख पाए शहर में कितने राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान हैं पूरे देश भर के अलग अलग कोने के छात्र अलग अलग जाती समुदाय के छात्र एक साथ भोजन कर रहे तो विविधता में एकता का भाव गाँव के छात्रों में जायें इसलिए विद्यार्थी परिषद कहती हैं देश में जातिवाद समाप्त हो क्षेत्र वाद समाप्त हो इस भाव को लेकर विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष सामाजिक अनुभूति चलती हैं । ज़िला सयोजक योगेंद्र डागुर ने बताया की ज़िला के 55 छात्र छात्राओ ने अपना सामाजिक अनुभूति कार्यक्रम में पंजीयन करवाया था वही 40 छात्र छात्राओं ने इस शहर दर्शन कार्यक्रम में जयपुर के राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान,जयपुर, राजस्थान विधानसभा, सिटी पैलेस, अल्बर्ट हॉल का भ्रमण करवाया। और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया । वही ये कार्यक्रम में छात्रो को 2 समूह में बाटा । इस दौरान प्रांत कार्यकारणी सदस्य लव सोलंकी, सहित अन्य कार्यकर्ता एवं विधार्थी मौजूद रहे।

प्रभारी अधिकारी नियुक्त

करौली, (निसं)। 06 जून (निंसं.)जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया कि 15 जून से बाढ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जायेगी जो कि 24 घंटे संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 07464251335 रहेगा व उक्त नम्बर पर 1077 की सुविधा भी उपलब्ध भी रहेगी। इस संबंध मे उन्होने प्रभारी अधिकारी व अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी एवं नियंत्रण कक्ष हेतु कार्मिकों को नियुक्त कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये है। इसके अलावा जल संसाधन विभाग का केन्द्रीय बाढ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2702480, भारत मौसम विज्ञान विभाग दूरभाष नं. 0141-2173733 व राज्य स्तरीय प्रभारी अधिकारी कार्यालय के दूरभाष नं. 0141-2227084 रहेगा।

निर्जला एकादशी पर राहगीरों को शरबत व मिल्क रोज पिलाया

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। भुसावर कस्बा सहित उपखंड क्षेत्र में आज शुक्रवार को ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी जिसे निर्जला एकादशी भीम सेनी एकादशी भी कहा जाता है कि पावन अवसर पर विभिन्न मंदिरों में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालुओं ने प्रातः से ही रंग-बिरंगे परिधान पहनकर पूजा अर्चना करते हुए मनोकामनाएं मांगी गई।

कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के सेवक महेश चन्द शर्मा जति, राजेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि साल भर में 24 अथवा 26 एकादशी होती हैं लेकिन ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी व्रत सबसे कठिन एवं बड़ी होती है जहां श्रद्धालु बिना जल ठाहण किए निर्जल रहकर व्रत का पारण करते हैं। और शास्त्रों में कहा गया है कि जो भी श्रद्धालु इस निर्जला एकादशी का व्रत करने के साथ अपनी श्रद्धा एवं समर्थय के अनुसार दान पुण्य करता है वह समस्त पापों से मुक्त हो जाता है एवं सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने के साथ उन्हें यश, वैभव, सुख की प्राप्ति होती है।निर्जला एकादशी के उपलक्ष में कस्बे के हिंडौन सड़क मार्ग स्थित प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी मंदिर, चतुर्भुज जी मंदिर,ऊपरला बजार स्थित दाऊजी महाराज मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, इटामडा सड़क मार्ग के स्थित राधा कृष्ण युगल किशोर जी महाराज मंदिर, हूंकारेश्वर महादेव मंदिर, भगत राज वाले हनुमान जी मंदिर, रात वाले हनुमान जी मंदिर, पंचमुखी हनुमान जी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, ठाकुर जी को प्रातः से ही श्रद्धालुओ ने रंग बिरंगे परिधान में पहुंचकर पंखा, फल, पानी से भरी मटकी अर्पित करते हुए एकादशी की कहानी सुनी और भगवान से घर परिवार में सुख, शांति,समृद्धि एवं क्षेत्र में खुशहाली और विश्व कल्याण की मनोकामनाएं मांगते हुए पूजा अर्चना की गई।

वहीं दूसरी ओर कस्बे के हिंडौन सड़क मार्ग स्थित प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी मंदिर परिसर एवं हूंकारेश्वर महादेव मंदिर में भक्त मंडल के सहयोग से मिल्क रोज, शरबत का वितरण किया गया जहां भक्तों ने सुबह से ही आने-जाने वाले राहगीरों, वाहन चालकों को रोक कर शरबत मिल्क रोज पिलाया गया। इस अवसर पर सभी भक्त मंडल का सराहनीय सहयोग रहा जिन्होंने देर शाम तक शरबत, मिल्क रोज पिलाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

वहीं कस्बे के श्याम भक्तों ने हलेना खाटू नरेश दरबार में पैदल सहित वाहन से पहुंचकर दर्शन करते हुए अपनी अरदास लगाई गई।

निर्जला एकादशी पर भक्तों ने राहगीरों को शरबत व मिल्क रोज पिलाया।

निर्माणाधीन भवन का कुलपति ने किया अवलोकन

भरतपुर, (निसं)। श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्व विद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह ने कृषि महाविद्यालय भुसावर का दौरा कर निर्माणाधीन विद्यालय भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कुलपति ने महाविद्यालय निर्माणाधीन भवन का भ्रमण कर अवलोकन किया, निर्माण कार्य मे देरी पर नाराजगी जताई तथा ठेकेदार को 30 जून तक गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जुलाई से शुरू होने वाले नये सत्र में नवनिर्मित महाविद्यालय में अध्यापन कार्य शुरू होना आवश्यक है। भवन की कमी से विद्यार्थियों को प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त कक्षा कक्षों की सुविधा नही मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सुविधा की कमी होने के कारण अध्ययन में बाधा आती है, जो कि खेद जनक है। कुलपति ने डीन डॉ. उदय भान सिंह व अन्य स्टाफ को कॉलेज फार्म पर आगामी वर्षा ऋतु में योजनाबद्ध तरीके से जलवायु अनुकुल बगीचे लगाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने इसी ऋतु में छायादार, अलंकृत एवं फलदार पौधों के लगभग 10 हजार पौधे तैयार करने के निर्देश भी दिए ताकि स्थानीय लोगों की पौधों की मांग को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर डॉ. रामफूल पूनिया, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. मोहित कुमार, भानुप्रिया, दीपक मीणा, रामाशंकर मीणा, गीता गवारिया, प्रेम कुमारी वर्मा आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



कृषि महाविद्यालय भुसावर के निर्माणाधीन भवन का कुलपति प्रो. बलराज सिंह ने अवलोकन किया।

मिल्क रोज व शरबत बांटा

गंगापुर सिटी, (निसं)। मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में शुक्रवार निर्जला एकादशी पर कुशालगढ वाले बाबा श्याम मंदिर पर दर्शनार्थी भक्तों को मान-मनुहार करके मिल्क रोज शरबत पिलाया गया। समिति के सदस्य दोपहर 2 बजे से ही तैयारी में जुट गए और मौके पर मिल्क रोज बनाकर श्रद्धालुओं में वितरण किया। इससे पहले बाबा श्याम को समिति पदाधिकारियो ने मिल्क रोज का भोग लगाकर व दीपदान कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग, मदन मोहन मास्टर, मनसुख मेडी, बबली फोटोग्राफर, संतोष रि० प्रधानाचार्य, राहुल अग्रवाल, अरविंद रावत, श्रीमती विमला देवी, ज्योति गर्ग, राधा देवी आदि सहित दर्जनों सदस्य व भक्त गणो ने श्याम मंदिर पर आए श्रृद्धालुओ को मान मनुहार कर मिल्क रोज पिलाया। इस दौरान हजारो की संख्या में आए श्याम भक्तो ने बाबा श्याम व इन्द्रगढ बीजासण देवी की जयकार कर आसमान गुजंयमान कर दिया।

स्वागत किया

करौली, (निसं)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा के करौली आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन एवं विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में भाजपाइयों ने स्वागत कार्यक्रम रखा। करौली शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा को ऑल इंडिया कंपनी में स्वतंत्र डायरेक्टर की नियुक्ति पर करौली आने पर जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में अभिनंदन कार्यक्रम रखा।

काव्य गोष्ठी का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। श्री मित्र भारत समाज संस्थान द्वारा समाजसेवी स्व. भगवत कटारा की स्मृति में भंडारा व शर्बत की प्याऊ, विचार व काव्य गोष्ठी का आयोजन दाऊजी मंदिर, गोवर्धन पर दशहरा के पावन पर्व पर किया गया।

भंडारे में हजारों परिक्रमार्थियों को पूडी, सब्जी व शरवत का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश भगवानदास अठावाल थे। अध्यक्षता मूलचंद सैनी राष्ट्रीय महामंत्री जयपुर ने की। विशिष्ट अतिथि दीवान सिंह शर्मा समाजसेवी, लोकेश सिंघल वरिष्ठ कवि थे। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी में संचालन कर रहे कवि श्याम सिंह जघीना ने कटारा जी के समाजसेवा कार्यों एवं उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए काव्यमयी प्रस्तुति दी।

गरीबों की बना आवाज, वो भगवत कटारा था, जुदा सबसे अलग अन्दाज वो भगवत कटारा था। लोकेश सिंघल व राजेन्द्र अनुरागी आदि कवियों ने काव्य पाठ किया।

पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश भगवानदास अग्रवाल ने देवतत्व गुणों से युक्त कटारा जी को ईश्वर ने मानवता की सेवार्थ भेजा मानव बताया। सभी वक्ताओं ने कटारा जी द्वारा शुरू किये कार्यों को आगे बढाने का व्रत लिया। संस्थान के अध्यक्ष कुलदीप कटारा ने कहा कि कटारा जी द्वारा शुरू किये गये सेवा कार्य यथावत चालू रहेंगे।

मीडिया प्रतिनिधियों को कराया फील्ड भ्रमण

करौली, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शुक्रवार को निर्जला एकादशी के अवसर पर श्रीमहावीरजी की आदर्श ग्राम पंचायत सनेट एवं टोडाभीम की ग्राम पंचायत निसूरा में मीडिया प्रतिनिधियों को फील्ड भ्रमण करवाया गया।

फील्ड भ्रमण के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को जल संरक्षण एवं जल संठाहण से सम्बंधित नवाचार, बजट घोषणा से सम्बंधित विकास कार्यों का निरीक्षण करवाया गया। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार फील्ड भ्रमण का उद्देश्य मीडिया प्रतिनिधियों को जिले में जल संरक्षण एवं जल संग्रहण एवं हरियालो राजस्थान महाभियान के संबंध में करवाये जा रहे कार्यों से रूबरू करवाना है। जिससे जनमानस में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता सृजित कर उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना है।

सनेट के ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि सनेट ग्राम पंचायत में हरियालो राजस्थान के तहत 1800 गड्ढे खोद कर आगामी मानसून के समय में पौधारोपण किया जाएगा। साथ ही जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्ययोजना बनाकर पोखर, बावडी, तालाब आदि जल स्त्रोतों की साफ सफाई की जाएगी। वहीं पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों की साफ सफाई भी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री जल स्वाबलम्बन अभियान 2.0 के तहत पीएम कृषि सिंचाई योजना से समृद्ध हो रहे है कृषक - वाटर शैड के अधीक्षण अभियन्ता कालीचरण लहरी ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वाबलम्बन अभियान 2.0 के प्रथम चरण के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से पंचायत समिति टोडाभीम की ठाम पंचायत निसूरा के कृषक राम खिलाडी के खेत पर 1 लाख 89 हजार की लागत से फॉर्म पॉण्ड का निर्माण करवाया गया है। जिस पर कृषक को 10 प्रतिशत का अंशदान भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि गत मानसून के दौरान फॉर्म पॉण्ड में वर्षा जल का संचय हुआ। जिससे कृषक द्वारा दो बीघा में सरसो की पिलाई की गई तथा लगभग 50 हजार रूपये का लाभ लिया गया। कृषक ने बताया कि पूर्व में पानी की कमी के कारण गेंहू की फसल काफी कम हुई थी। लेकिन इस बार पानी की उपलब्धता से पैदावार अच्छी हुई।

कृषक राम खिलाडी ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वाबलम्बन अभियान 2.0 के तहत पीएम कृषि सिंचाई योजना से कृषक समृद्ध हो रहे है। इसके लिए कृषक ने आभार युक्त हृदय से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि आगे भी चरणबद्ध रूप से इन योजनाओं में कृषकों को लाभान्वित कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप पर जल संठाहण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में वृहद स्तर पर कार्य किये जाएंगे। इस अवसर पर वाटर शैड के अधीशाषी अभियन्ता पवन सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शिवशक्ति महायज्ञ में उमड़ श्रद्धा का ज्वार

गंगापुर सिटी, (निसं)। पंचमुखी हनुमान जी पर चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ और भागवत कथा में शुक्रवार को भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता पहुंचे। जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर सहित कई नेता कार्यकर्ताओं के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचे। सभी ने रामस्वरूप दास त्यागी महाराज, गणेशदास महाराज और आचार्य पंडित अशोक दीक्षित से आशीर्वाद लिया। भागवत भगवान की आरती की।

■ लोग परिक्रमा यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर साधु संतो का ले रहे है आशीर्वाद

संतों का आशीर्वाद लेने के बाद यज्ञ भगवान को ढोक लगाई। इस दौरान आचार्य गणेश दास महाराज ने भागवत कथा के कई प्रसंग सुनाते हुए भगवान की बाल लीलाओं की कथा सुनाई कथा के बीच-बीच मधुर भजनों की प्रस्तुति में सभी का मन मोह दिया और श्रद्धालु मंत्र मुक्त हो गए और भाव विभोर होकर नाचने लगे। इसके बाद यज्ञ आचार्य पंडित अशोक आचार्य दीक्षित ने वैदिक मित्रों के साथ में यजमानों से यज्ञ में आहुतियां दिलवाई। इस मौके पर यज्ञ कमेटी ने माला पहनाकर नेताओं का भव्य स्वागत किया। धर्म सभा में मंच से पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि धर्म की जड सदा हरी रहती है। यज्ञ सनातन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। यह अनादिकाल से चला आ रहा है। यज्ञ से पर्यावरण शुद्ध होता है। ब्रह्मांड के कल्याण के लिए यज्ञ किए जाते हैं। उन्होंने लोगों से संकल्प लेने की अपील की कि बेटा-बेटी में फर्क न करें। शिक्षा पर ध्यान दें। बुराई से बचें। माताओं-बहनों से धर्म की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आव्हान किया। पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने धर्म का अर्थ समझाते हुए कहा कि धर्म वही है जिसे धारण किया जा सके। सच्चाई, नैतिकता, भाईचारा और प्रेम को धारण करना ही धर्म है। उन्होंने राजा हरिश्चंद्र की कथा सुनाई। कहा कि राजा ने अपना राजपाठ खो दिया, लेकिन कर्तव्य से नहीं हटे। अपने बेटे के शव को भी अग्नि नहीं दी क्योंकि वह ड्यूटी पर थे। भगवान को भी श्मशान आना पडा। धर्म के रास्ते पर चलने वालों की भगवान भी मदद करते हैं। सभा में बडी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण सरदारी मौजूद रही। मंच संचालन पुखराज सलेमपुर ने किया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मनोज बंसल, जमनालाल वैष्णव, पुखराज सलेमपुर, लाला अमरगढ, लाला, धर्मु सरपंच, रेंडायल के सरपंच कप्तान सहित कई स्थानीय नेता शामिल हुए।

पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शिव शक्ति महायज्ञ में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर का स्वागत किया।

सार-समाचार

निर्जला एकादशी पर मंदिरों में सजी झांकी

गंगापुर सिटी, (निसं)। शुक्रवार को शहर में निर्जला एकदशी पर मंदिरो में विराजित भगवानो का विशेष श्रृंगार कर झांकी सजाई गई। इस दौरान नहर रोड स्थित कुशालगढ के बाबा श्याम मंदिर, श्रीजी मंदिर, सीताराम जी मंदिर में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों का आगमन शुरू हुआ। गंगापुर शहर के साथ महुंकला, महुखुर्द, जलोखरा, बाढकला, उदेई, जाटबडौदा, खानुपर बडौदा, उमरी, सलेमपुर, चूली सहित आसपास के कई गांवों से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। बाबा श्याम का कलकत्ता से मंगवाए गए केवडा, चंपा, रजनीगंधा, मोगरा और गुलाब के फूलों से श्रृंगार किया गया। बाबा को नई पोशाक पहनाई गई और फलों से भी सजाया गया। विशेष पूजा अर्चना और आरती की गई। श्रीश्याम मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की। अन्य संगठनों ने भी शर्बत और ठंडाई की व्यवस्था की। श्री कल्याणजी मंदिर में भी बाबा कल्याणजी की विशेष झांकी सजाई गई। दोनों मंदिरों में भक्तों की भीड इतनी थी कि पैर रखने की जगह नहीं बची। मंदिर में बाबा श्याम और श्री कल्याणजी महाराज के दर्शनों के साथ-साथ छप्पन भोग की झांकी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लगा रहा। शाम को बाबा श्याम की विशेष पूजा अर्चना और इसके बाद आरती की गई। जिसमें हजारों भक्तों ने आरती में भाग लेकर परिवार में खुशहाली और सुख समृद्धि की मनौती मांगी। श्री कल्याणजी मंदिर और नहर रोड के कुशलगढ मंदिर में श्रद्धालुओं ने गोपाल सहस्त्रनाम श्याम चालीसा आदि का पाठ किया और भजन कीर्तन का आनंद लिया।

भागवत कथा में मनाया नंदोत्सव

करौली, (निसं)। मासलपुर तहसील के गांव विनेगा टटवाई में गत 2 जून से आयोजित भागवत कथा के पंचम दिवस में, भगवान श्री कृष्ण के जन्म प्रसंग पर प्रवचन किए गए। इस दौरान सजीव झांकी सजाकर नंदोत्सव मनाया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भजनों से नंद बाबा को बधाई दी। भागवत आचार्य बाल बिहारी भृगु दास जी महाराज वृंदावन धाम ने श्री कृष्ण की जन्म कथा का अत्यंत भाव पूर्ण एवं संगीतमय वर्णन किया जिससे पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और वातावरण पूर्णतया भक्ति मय हो गया। भागवत कथा में भगवान श्री कृष्णा के जन्म से पूर्व देवकी एवं वासुदेव पर कंस के द्वारा किए गए अत्याचारों का वर्णन किया भागवत आचार्य ने बताया कि भक्तों पर पूर्व से ही धर्म विरोधियों के द्वारा अत्याचार और आनाचार किए जाते रहे हैं वर्तमान में भी इस प्रकार की घटनाएं आए दिन देखने को मिलती है उन्होंने बताया कि यही कारण है कि विष्णु भगवान को जब-जब धर्म की पृथ्वी पर हानि हुई तब तब धर्म की रक्षार्थ भगवान ने विभिन्न रूपो में अवतार लिए हैं। विभिन्न जन्मों का संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत करने के पश्चात कृष्ण जन्म को जीवंत करने के लिए विशेष झांकी भी सजाई गई नंद उत्सव के दौरान पंडाल में नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गूंज से सभी श्रोता मंत्र मुक्त हो गए। अमृत रूपी कथा रसपान हेतु स्थानीय सहित टटवाई,मचानी,कोटा छावर,सोरया मकनपुर,पंडितपुरा, चैनपुर, कोंडर एवं आसपास के अन्य गांव के साथ ही करौली से काफी तादात में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। भागवत कथा में सीआईडी निरीक्षक रामचंद्र सिंह परीक्षित की भूमिका अदा कर रहे हैं। कथा स्थल से नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा धर्म का प्रचार प्रसार, सर्व जन कल्याण,सर्वजन हिताय और मंगल भावना एवं कामना के उद्देश्य को ध्यान में रखकर सनातन धर्म के लिए प्रवचन करने वाले साधु संतों एवं कथावाचकों की सम्मान प्रक्रिया जारी रखे हुए हैं। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत विहिप के जिला अध्यक्ष चैरजी सिंह,एडवोकेट ऊधौसिंह,प्रदीप सिंह कोटा छावर,गब्बू सिंह चैहान,हाकिम सिंह चांदपुरा ने व्यास पीठ का सोल ओढ़ा कर, एवं माला पहनना कर सम्मान किया साथ ही भजन कीर्तन मंडली,परीक्षित एवं अन्य सभी को पटका एवं माला पहना कर सम्मान किया। इस मौके पर महेश सिंह मचानी,शिवराम सिंह बिनेगा, कल्याण सिंह बिनेगा,डिप्टी सिंह बिनेगा,चैथी लाल टटवाई,अतराम मीणा कोंडर, दुर्गा लाल शर्मा मकनपुर आदि काफी तादात में गण मान्य लोग मौजूद रहे।

चार आरोपी गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)।सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम से चोरी हुए सामान की खरीद-फरोख्त में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देश पर की गई।गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद जावेद खान उर्फ लड्डू (32), अमरदीन उर्फ पांच्या (31), रईस उर्फ मामा (23) और इमरान खान (28) शामिल हैं। सभी आरोपी थाना उदेई मोड क्षेत्र के निवासी हैं। बिजली निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में 4 जून 2०25 को आरोपी फखरुद्दीन के कबाड गोदाम से चोरी का सामान जब्त किया गया। जब्त सामान में 15 एमएस चैनल, 19 लोहे की एंगल, 29 ऋॉस आर्म, 48 जीआई पिन, 15० किलो स्टे वायर, 2० लीटर ट्रांसफॉर्मर ऑयल, 9 ट्रांसफॉर्मर के खोखे और 5० किलो कॉपर बाइंडिंग शामिल है। सहायक अभियंता धनराज मीना की रिपोर्ट पर थाना सदर में प्रकरण दर्ज किया गया। मामला धारा 3०3(2) बीएनएस और 136 विद्युत अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। बिजली निगम के अधिशासी अभियंता रूपसिंह गुर्जर ने बताया कि सवाई माधोपुर अधीक्षण अभियंता ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी जब्त सामान के सीरियल नंबर से चोरी की जगह और तरीके की जांच करेगी। साथ ही विभाग के किसी कर्मचारी की संलिप्तता की भी जांच होगी।

नई सड़कसें से मिलेगी राहत

गंगापुर सिटी, (निसं)। सीवरेज और जलदाय लाइन बिछाने के बाद शहरवासियों को नई और बेहतर सडकों की सौगात मिलने वाली है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 2 करोड रुपए की लागत से 6 सडकों का निर्माण कार्य चल रहा है। इनमें से 5 सडकों का काम पूरा हो चुका है। इन सडकों में रामराज के मकान से गीता माली की ओर 275 मीटर लंबी सडक 18.90 लाख रुपए की लागत से बनाई गई है। छोटी सेड से शांति नगर तक 220 मीटर लंबी सडक 20.93 लाख रुपए में तैयार की गई है। महीदास बालाजी से कुशाल लेक तक 470 मीटर लंबी सडक 31.50 लाख रुपए में बनी है। भगवती कॉलेज से भानू पारीक के मकान तक 400 मीटर लंबी सडक 33.60 लाख रुपए की लागत से निर्मित की गई है। सूरसागर चौराहे से सरकारी अस्पताल तक 280 मीटर लंबी सडक 27.58 लाख रुपए में बनाई गई है। प्राइवेट बस स्टैंड से सब्जी मंडी होते हुए रोडवेज बस स्टैंड तक 500 मीटर लंबी सडक 67.5० लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही है।

विवाधक के स्थरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपजिला कलेक्टर साहब,
स्थान-हिण्डौनसिटी
बहादुर वगै. विरुद्ध हजारी वगै.
दावा बावत घोषणा खातेदारी, तकास्मा एवं स्थायी निषेधाज्ञा वाद संख्या-77/2019
प्रार्थना पत्र संख्या- 137/24 बनाम 1. हेमवती पुत्री हजारी 2. अशोक कुमार 3. राजेन्द्र कुमार 4. मीरा 5. अनीता 6. पुष्पा 7. लाली पिसरान प्रहलाद, 8. राजकुमार 9. अशोक 10. मदन 11. राजकुमारी 12. सावित्री पिसरान दौजी, 13. सतीश 14. संतोष 15. राजू पिसरान भगवाती, समस्त जाति गौड़ ब्राह्मण, निवासी खेड़ा, तहसील हिण्डौनसिटी, जिला करौली (राज.) वादी ने आपके विरुद्ध कृषि भूमि का बंटवारा के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 07 माह07 सन् 2025 को दिन में 10 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 6 माह 6 सन 2025. को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मुहर
न्यायधीश/उपखण्ड अधिकारी
हिंडौन सिटी (करौली)